अरे मनवा विरथा समय न गँवाओ भजन लिरिक्स



अरे मनवा विरथा,
समय न गँवाओ,
गुरु नाम को,
आठों याम धियाओ,
अरें मनवा विरथा,
समय न गँवाओ।bd।

यही एक दुनिया में,
है सार साँचा,
ये वैदों में वाँचा है,
सन्तो ने जाँचा,
हर स्वाँस मे तुम,
गुरु को धियाओ,
गुरु नाम को,
आठों याम धियाओ,
अरें मनवा विरथा,
समय न गँवाओ।bd।

करेगा भजन तो,
शरण पाएगा तू,
गुरु की कृपा से ही,
तर पाएगा तू,
चरणों मे सतगुरु के,
ध्यान लगाओ,
गुरु नाम को,
आठों याम धियाओ,
अरें मनवा विरथा,
समय न गँवाओ।bd।

नहीं हर किसी को,
ये मिलता है मौका,
फँसी बीच धारा में,
'शिव' तेरी नौका,
नहीं अपनी नैया को,
खुद ही डुबाओ,
गुरु नाम को,
आठों याम धियाओ,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अरें मनवा विरथा,
समय न गँवाओ।bd।

अरे मनवा विरथा,
समय न गँवाओ,
गुरु नाम को,
आठों याम धियाओ,
अरें मनवा विरथा,
समय न गँवाओ।bd।

लेखक / प्रेषक – श्री शिव नारायण वर्मा।
8818932923

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com